2019

Part–III

HINDI

(COMMERCE)

PAPER—COMPULSORY

Full Marks : 50

Time : 2 Hours

The figures in the right-hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×8

(क) बड़े बड़ाई ना करैं, बड़ों न बोलैं बोल।
रहिमन हीरा कब करै, लाख टका मेरो मोल।।

अथवा

दिये हैं मैंने जगत को फूल-फल
किया है अपनी प्रभा से चकित-चल
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल --
ठाट का जीवन वही
जो ढह गया है।

(ख) नेता बनने की इस क्रूर उन्मत्तता ने बड़े-बड़े जहाजों को इस जीवन रूपी समुद्र में डुबो दिया है।

अथवा

उस अस्थिर प्रकाश में बगीचे के विशाल वृक्ष ऐसे मालूम होते थे, मानो उस अथाह अन्धकार को अपने सिरों पर सँभाले हुए हों। अन्धकार के उस अनन्त सागर में यह प्रकाश एक नौका के समान हिलता, मचलता हुआ जान पड़ता था।

2. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1×15

(क) कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'मित्रता, जीवन और मरण के मार्ग में सहारे के लिए है'
-- 'मित्रता' निबंध के आधार पर समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3×5

(क) नीति-कवि के रूप में रहीम मूर्धन्य हैं -- समीक्षा कीजिए।

(ख) 'हम पंक्षी उन्मुक्त गगन के' कविता का मूल भाव लिखिए।

(ग) 'दो कलाकार' कहानी की भाषा-शैली पर विचार कीजिए।

(घ) नवीन भारत के उद्‌भव के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचारों को लिखिए।

(ङ) अपने क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप को रोकने के लिए संबंधित अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×1

(क) वे लोग एक दूसरे से शत्रुता करते हैं। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(ख) अकेला चना भाँड़ नहीं फोड़ता। (मुहावरे का अर्थ लिखिए)

(ग) कवियित्री (वर्तनी शुद्ध कीजिए)

(घ) नगेन्द्र द्वारा रचित इतिहास-ग्रंथ का नाम लिखिए।